५०।५

NAME	PLACE	DATE	PAGE
Hari Bhoomi	New Delhi	December 24, 2014	9

स्वामी श्रद्धानन्द के आदर्श आज भी प्रासंगिक: सतीश उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली 24

भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहा कि उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं।

केंद्रीय आर्य युवक परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में सक्रियता के साथ सामाजिक परिवर्तक के रूप में उन्होंने आर्य समाज के माध्यम से छुआछूत को मिटाने का काम किया था। हिन्दु-मुस्लिम एकता और शिक्षा के माध्यम से सबका विकास उन्होंने किया। उन्हीं के आदर्श पर देश के प्रधामंत्री नरेन्द्र मोदी भी काम कर रहे हैं। उन्होंने भी जाति-पाति, धर्म के बंधनों से हटकर, शिक्षा के माध्यम से सबका विकास करने का बीड़ा उठाया है। फिक्की की महिला शाखा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में

- स्वच्छता अभियान में आगे आएंगी महिलाएं

उन्होंने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ बनाने में महिलाओं को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने साधन सम्पन्न वर्ग से कहा कि अपने उद्यमों के माध्यम से स्कूलों में टायलेट और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने में अपना सहयोग दे सकते हैं। इस अवसर पर फिक्की कार्यकारी बोर्ड की सदस्य हरजिन्दर कौर एवं नीतो बोचरा ने घोषणा की कि फिक्की महिला शाखा ने आईटीआई और नगर निगम के प्राइमरी स्कूलों में कार्य करने का निर्णय लिया है। संस्था बालिकों के लिए स्कूलों में टायलेंट बनाने और छात्राओं में स्वच्छता और सेहत का ध्यान रखने के लिए प्रचार करेगी जिसके लिए प्रतियोगितायें भी आयोजित की जाएगी।